देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

प्रेस–विज्ञप्ति

इन्दौर, 03 जुलाई 2019। आज दिनांक 03.07.2019 को विश्वविद्यालय की अध्ययनशालाओं के विभागाध्यक्षों एवं संकायाध्यक्षों तथा कुलसचिव की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सी.ई.टी. परीक्षा–19 पर विचार किया गया, चूंकि इस वर्ष सी.ई.टी. से संबंधित लगभग 16 हजार परीक्षार्थियों की परीक्षाएं सम्पन्न हो चुकी है एवं लगभग 1100 परीक्षार्थियों की परीक्षाएं तकनीकी कारणों से सम्पन्न नहीं हो सकी हैं। जिसमें ग्रुप 'ए–1' एवं ग्रुप 'बी–2' के परीक्षार्थी सम्मिलित हैं।

चूंकि यह विषय विद्यार्थियों के हित एवं नया शैक्षणिक सत्र समय पर प्रारम्भ करने से जुड़ा है अतः समस्त विभागाध्यक्षों द्वारा इस प्रकरण में आगामी संभावित कार्यवाही हेतु विचार किया गया कि, चूंकि अध्यादेश –14 के अधीन विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्षों को विद्यार्थियों को प्रवेश देने तथा प्रवेश संबंधी कार्यवाही करने का अधिकार प्रदान किया गया है अतः समस्त विभागाध्यक्षों द्वारा सर्वसम्मति से ये अनुशंसा की गई कि सी.ई.टी. के जिन परिक्षार्थियों की परीक्षाएं सम्पन्न नहीं हो सकी है उनकी परीक्षाएं भी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार तत्काल सम्पन्न कराने की कार्यवाही की जाए तथा ये परीक्षाएं सम्पन्न होने के उपरांत समस्त सम्मिलित परिक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम निर्धारित प्रक्रिया का अनुसरण करते हुए घोषित किया जाये।

डॉ. चन्दन गुप्ता
मीडिया प्रभारी